भारत सरकार
जनजातीय कार्य मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या- †534
उत्तर देने की तारीख- 25/07/2024

जनजातीय उद्यमी

†534. श्री सु. वेंकटेशन:

क्या जनजातीय कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार के पास पंजीकृत कंपनियों में जनजातीय उद्यमियों द्वारा चलाए जा रहे उद्यमों के संबंध में आंकड़े हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) के अलावा पंजीकृत बड़े उद्यमों की कुल संख्या और उनमें से जनजातीय प्रोमोटरों की संख्या का ब्यौरा क्या है; और

(ग) पंजीकृत एमएसएमई उद्यमों की कुल संख्या और उनमें से जनजातीय प्रोमोटरों की संख्या का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

जनजातीय कार्य राज्यमंत्री
श्री दुर्गादास उइके

(क) से (ग): कॉरपोरेट कार्य मंत्रालय से प्राप्त सूचना के अनुसार, जनजातीय उद्यमियों द्वारा संचालित पंजीकृत कंपनियों का डेटा नहीं रखा जाता है। हालाँकि, मध्यम, लघु और सूक्ष्म उद्यम मंत्रालय (एमएसएमई) से प्राप्त सूचना के अनुसार, उद्यम पोर्टल और उद्यम सहायता प्लेटफॉर्म (यूएपी) पर 01.07.2020 से 22.07.2024 तक पंजीकृत 4,75,04,845 एमएसएमई में से 15,43,418 एमएसएमई अनुसूचित जनजातियों के व्यक्तियों के स्वामित्व में हैं।

*****